UPAU010000362022

न्यायालय विशेष न्यायाधीश, एस0सी0/एस0टी0 एक्ट, औरैया।

दण्ड प्रकीर्ण प्रार्थना पत्र संख्या 03/2022

श्रीमती पुष्पा देवी प्रति बृजेन्द्र सिंह आदि।

दिनांक 15.03.2022

पत्रावली पेश हुई। प्रार्थिनी द्वारा प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 156(3) दं0प्र0सं0 विपक्षीगण के विरुद्ध प्रस्तुत किया गया है।

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 156(3) दं0प्र0सं0 पर प्रार्थिनी के विद्वान् अधिवक्ता के तर्कों को सुना एवं पत्रावली का सम्यक् अवलोकन किया। थाने की आख्यानुसार उक्त घटना के सम्बन्ध मे कोई अभियोग पंजीकृत नहीं है।

आवेदिका ने अपने कथन के समर्थन में शपथपत्र, पुलिस अधीक्षक औरैया को दिये गये प्रार्थना पत्र की छायाप्रति, रजिस्ट्री रसीद, मूल चिकित्सीय परीक्षण आख्या, जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं आधारकार्ड की छायाप्रति पत्रावली में दाखिल किया है।

प्रस्तुत मामले में प्रार्थिनी को समस्त तथ्यों की जानकारी है तथा किसी विशेष साक्ष्य का संकलन अन्वेषण के माध्यम से किया जाना उचित प्रतीत नहीं होता है। मामले के समस्त तथ्यों एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए मामले को परिवाद के रूप में पंजीकृत किया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है।

आदेश

प्रार्थिनी श्रीमती पुष्पा देवी का प्रार्थना पत्र, परिवाद के रूप में दर्ज किया जाता है। परिवादिनी दिनांक 15.04.2022 को ब्यान अन्तर्गत धारा 200 दं0प्र0सं0 हेतु प्रस्तुत हो।

विशेष न्यायाधीश,
एस0सी0/एस0सी0 एक्ट, औरैया।
JO Code No.- UP5951

Digitally signed by MEENU SHARMA
Date: 2022.03.15 17:09:07 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court